Girls' High School & College , Prayagraj

Worksheet No. 2
Session 2020-2021
Class VI (A, B, C, D, E, F)
Subject: - Hindi Literature

निर्देश - अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर कठिन शब्दों को समझने और दिये गए प्रश्नों का उत्तर लिखने में छात्राओं की सहायता करें ।

Note : इस कहानी "हमारे पड़ोसी" को YouTube में https://www.youtube.com/watch?v=ziVfyHNreE8 **पर देखा जा सकता है ।**

पाठ - हमारे पड़ोसी (सुश्री देविका रंगाचारी)

सर की बात से देविका डर गई और उसने तय कर लिया कि वो अब से शाम को घर से बाहर नहीं जाएगी । शाम के समय रवि ने देविका से बोला कि चलो अब हम खेलने चलते है , देविका ने उसे मना कर दिया , तब रवि ने कहा 'हमने तो अपना होमवर्क कर लिया है ' , तब देविका ने उसे कहा 'तुम्हें मालूम नहीं सर की **निगाह** हम पर है अगर उन्होंने किसी से शिकायत करदी तो ?' रवि कहने लगा 'पर खेलना तो **स्वास्थ्य** के लिए अच्छा होता है ' रवि के आदर्श उसके **व्यायाम** शिक्षक 'राय साहब' थे ।

देविका मोटी-सी किताब लेकर सीढ़ियों पर बैठकर पढ़ाई में डूबने का दिखावा करने लगी , पंद्रह मिनट बाद उसे अपने **निर्णय** पर खेद होने लगा , उसी समय रवि वहाँ आया और उसके पैरों के पास एक कुत्ता था । उस काले रंग के कुत्ते को उन्होंने कई बार गलियों में, दूसरों के घरों में घुसते हुए देखा था । वे दोनों जब कुत्ते को प्यार कर रहे थे तभी शंकर साहब वहाँ आ गए और कुत्ता उनके साथ घर चला गया । दोनों आपस में बात करने लगे कि सर तो कुत्ते को बहुत मारते होंगे , तभी उनकी माँ आकार उनसे कहने लगी ' कल तुम्हारा गणित का टेस्ट है , पढ़ाई करो' रवि कहने लगा 'वही पुराने से समीकरण' , लेकिन अगले दिन वही पुराने से **समीकरण** उनके लिए असली मुसीबत बन गए , इतने कठिन प्रश्न थे कि उसके उत्तर ही समझ नहीं आ रहे थे , बाहर निकलने पर उनके मित्रों ने कहा तुमने कल जरूर सर को क्रोध दिलाया है , उसी का बदला उन्होंने लिया है, असली **अग्नि-परीक्षा** तो अगले दिन हुई जब कॉपियां वापस मिलीं और सब फेल हो गए , शंकर साहब बहुत नाराज़ हो गए । रवि तो सारे दिन अपने अंकों के बारे में ही सोचता रहा । वह अपने आप को गणित का **विशेषज्ञ** माना करता था । शाम को देविका उसे खुश करने के लिए कहती है 'चलो हम लोग बाहर छुपा-छुपी खेलें ', तभी एकाएक उन्हें जोर से हँसने की आवाज़ सुनाई पड़ी और वे **जिज्ञासावश** अपने पुराने खेल के मैदान की तरफ झाँकने लगे , वहाँ शंकर साहब अपने कुत्ते 'त्रिको' के साथ **फ़्रिसबी** खेल रहे थे । अपने दो दिलचस्प **दर्शकों** को देख कर वे हड़बडा गए , उन्होंने उनसे पूछा 'क्या तुम भी खेलना चाहते हो ?', दोनों ने कहा 'हाँ , सर ',फिर चारों साथ में खेलने लगे । एक घंटे बाद रवि और देविका अपनी किताब लेने घर गए , उनकी माँ ने उनसे पूछा 'कहाँ जा रहे हो ?'तब उन्होंने कहा , 'बगल वाले घर में । शंकर साहब गणित के समीकरण हल करने में हमारी मदद करेंगे । '

शब्दार्थ

1) **निर्णय** : मत , निश्चय

2) **समीकरण** : गणित का विशेष अध्याय (equation)

3) **अग्नि-परीक्षा** : कठिन परीक्षा , कठिन समस्या

4) **निगाह** : दृष्टि

5) **व्यायाम** : कसरत, कवायद

6) **स्वास्थ्य** : सेहत , तंदुरुस्ती

7) **विशेषज्ञ :** किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला (specialist)

8) **जिज्ञासावश :** जानने की इच्छा से (curiosity)

9) **फ़्रिसबी :** एक खेल का उपकरण

10) **दर्शकों :** देखने वाले

Q1) <u>दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए</u> -

1) गणित का टेस्ट पेपर कैसा था ?

2) ‘ त्रिको ’ किसका नाम था ?

3) रवि के आदर्श कौन थे ?

4) किसके हंसने की आवाज़ आ रही थी ?

5) बच्चे किताब ले कर कहाँ जा रहे थे ?

Q2) <u>सही जोड़े बनाइए</u> -

1) निर्णय	1) कसरत
2) समीकरण	2) मत
3) अग्नि-परीक्षा	3) दृष्टि
4) निगाह	4) गणित का विशेष अध्याय
5) व्यायाम	5) कठिन परीक्षा

Q3) <u>दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए</u> -

1) स्वास्थ्य

2) विशेषज्ञ

3) जिज्ञासावश

4) फ़्रिसबी

5) दर्शकों

************************END************************